केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 349 शनिवार 19 जुलाई 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## लालू, कांग्रेस ने बिहार को बरबाद किया- मोदी



**पटना (आभा)।** चुनावी साल में छठी बार बिहार पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने विकसित बिहार का संकल्प दुहराया। उन्होंने कहा कि समृद्ध बिहार का सपना विकसित बिहार के रास्ते ही पूरा किया जा सकता है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार युवाओं के रोजगार और पिछड़े समाज के उत्थान और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। पीएम ने आरजेडी और कांग्रेस पार्टी को बिहार को विकास के रास्ते हटाकर बर्बाद करने का आरोप लगाया। कहा कि नीतीश जी नौकरी बांट रहे हैं जबकि उन लोगों ने नौकरी के लिए गरीबों से जमीन छीन ली। पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी 53 बार बिहार पहुंचे। मोतिहारी के गांधी मौदान से उन्होंने 72000 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान चार अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ पीएम ने किया. पीएम के मंच पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत एनडीए के सभी महत्वपूर्ण नेता मौजूद थे। पीएम ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और राजद की सरकार थी तो बिहार को 10 सालों में मात्र 2 लाख करोड़ की सहयता दी गई। यूपीए सरकार नीतीश कुमार की सरकार से बदला ले रही थी। आरजेडी के लोग आपको कभी रोजगार नहीं दे सकते जो लोग रोजगार देने के नाम पर आपकी जमीन अपने नाम लिखवा लेते हैं।

## एक नजर

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में जलकर मौत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के हलुवापार गांव में एक विवाहिता ने खुद को आग लगा ली। बुधवार देर रात हुई इस घटना में 27 वर्षीय पूनम की मौत हो गई। पूनम ने अपने पति किशन कुमार गौतम के सामने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा ली। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद फायर टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक पूनम की मौत हो चुकी थी। मृतका की तीन बेटियां हैं। प्रियांशी 6 साल, दिव्यांशी 4 साल और हिमांशी 2 साल की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही पूनम को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था।

परिजनों ने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करंट से किसान की मौत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र के ग्राम मझौवा दूधनाथ में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की उम्र 55 वर्ष थी। ग्रामीणों के अनुसार, किसान अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वह विद्युत स्पर्श की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।सूचना मिलने पर गौर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए शव को बस्ती भेज दिया गया है।

### रंजीत चौराहे पर लगेगी महाराणा सांगा की प्रतिमा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती नगरपालिका परिषद ने मालवीय रोड स्थित रंजीत चौराहे पर महाराणा सांगा की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह प्रस्ताव वार्ड 15 की सभासद श्रीमती बैजन्ती सिंह ने रखा था।

सभासद प्रतिनिधि अभिजीत सिंह के अनुसार 15 जुलाई को स्वीकृति पत्र जारी होने के बाद कार्य आरंभ हो गया है। महाराणा सांगा 16वीं शताब्दी के प्रतिष्ठित राजपूत योद्धा थे। उन्होंने मुगलों और सल्तनत की सत्ता को चुनौती दी।

महाराणा ने खतौली, धौलपुर, इदर, गागरोन, बयाना और खानवा में कई युद्ध लड़े। इन युद्धों में राजपूत शक्ति का परिचय दिया। प्रतिमा स्थापना से युवा पीढ़ी को महाराणा के इतिहास को जानने का मौका मिलेगा। स्थानीय नेताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया है। अभिषेक श्रीवास्तव, जसवंत सिंह रोलू, अनिल मिश्रा, विशेष श्रीवास्तव, शिवशक्ति चौधरी, प्रदीप पटेल, नगेन्द्र पाल और अविनाश सिंह ने नगरपालिका चेयरमैन को शुभकामनाएं दी हैं। इस प्रतिमा से रंजीत चौराहे को नई पहचान मिलेगी।

## चित्रगुप्त चौराहे के प्रस्ताव पर प्रसन्नता, जताया आभार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कायस्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष से रौता चौराहे का नाम चित्रगुप्त चौक किये जाने की मांग स्वीकृत हो गई है। गुरूवार शाम को कायस्थ सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नगरपालिका चेयरमैन के आवास पर पहुंचकर उन्हे पुष्पगुच्छ भेंट किया और धन्यवाद दिया।

चेयरमैन प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा जिस तरह से सामाजिक संस्थाओं का सहयोग मिल रहा है इससे कहा जा सकता है कि आने वाले दिनो मे सभी को बस्ती स्वच्छ व सुन्दर दिखाई देगी। चेयरमैन श्रीमती नेहा वर्मा ने कहा एक अच्छा शहर बनाने के लिये नागरिकों ओर सामाजिक संस्थाओं का सहयोग महत्वपूर्ण है।

ट्रस्ट संस्थापक अजय कुमार श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, नीतेंश श्रीवास्तव, आलोक, राजेश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, नितेश कुमार, अरूण श्रीवास्तव, अरूणेश श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, अनिल कुमार आदि ने नगरपालिका अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सभासद ने किया जल निकासी के प्रबन्ध, सड़क, नाली निर्माण की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। नगर पालिका परिषद वार्ड संख्या 7 सुर्तीहट्टा के सभासद रविन्द्र कुमार पासवान 'रवि' ने पालिका बोर्ड की बैठक में वार्ड के विकास का मुद्दा उठाया। निर्मली कुण्ड, राजाबाजार, सुर्तीहट्टा में जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात में नागरिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होने नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, अधिशाषी अधिकारी अंगद गुप्ता से आग्रह किया कि उनके वार्ड में जल निकासी के लिये स्थायी योजना बनाकर उसका कियान्वयन कराया जाय जिससे इस समस्या से मुक्ति मिले। सभासद ने सुर्तीहट्टा चौराहे से रेलवे स्टेशन गेट नम्बर एक तक आर.सी.सी. सडक और नाली निर्माण कराये जाने की मांग किया।



सभासद रविन्द्र कुमार पासवान 'रवि' ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

## डीएम ने किया बिजली विभाग कार्यालय का निरीक्षण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कार्यालय विद्युत वितरण निगम प्रथम व द्वितीय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि कार्यालय परिसर में विद्युत सेवा महाअभियान के अंतर्गत मेगा कैम्प लगाकर उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन दिए जाने हेतु पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंजीकरण का कार्य 17 जुलाई से प्रारम्भ होकर 19 जुलाई 2025 तक चलाया जायेगा। उपभोक्ताओं के आवेदन पत्र को बारीकी से परीक्षण कर कम्प्यूटर में अपलोड किया जा रहा है। श्री गौरी सिंह ग्राम बभनगवां ने बताया कि पहली बार इस तरह का महाअभियान चलाया गया है जिसमें उपभोक्ताओं का तुरन्त पंजीकरण हो जा रहा है जो बहुत ही अच्छा कार्य है।

उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल अधिक आने व खम्भा न लगाने की समस्या के दृष्टिगत अधिशासी अभियन्ता को उन्होंने निर्देश दिया कि तत्काल उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करें।

## जीवीएम कान्वेन्ट स्कूल में नि:शुल्क किताबों का वितरण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जीवीएम कान्वेंट स्कूल में एनसीईआरटी की किताबों का निशुल्क वितरण किया गया। एमडी संतोष सिंह ने कहा कि जीवीएम कान्वेंट स्कूल समय–समय पर बच्चों के प्रोत्साहन हेतु कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इसी क्रम में कक्षा 9 और कक्षा 11 (गणित, विज्ञान, कॉमर्स एवं मानव विज्ञान ) के विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक द्वारा एन सी ईआर टी की किताबों का निशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर संतोष सिंह ने बताया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दृढ़ संकल्प है इसी क्रम में विद्यालय में हर वर्ष बच्चों की शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के बच्चों को एन सी ई आर टी (गणित, विज्ञान, कॉमर्स, मानव विज्ञान ) किताबें निशुल्क दी जाती हैं जिससे किताबों के अभाव में उनकी शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी ना हो और उनके प्रगति में कोई बाधा ना हो।

## सिंचाई बंधु की बैठक में उठे मुद्दे

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सिंचाई बन्धु की बैठक विकास भवन सभागार में उपाध्यक्ष गजेन्द्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष ने अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड–4, बस्ती/नोडल दिनेश मोहन को निर्देश दिया कि नहर खण्ड के सभी अभियन्तागण आपसी समन्वय बनाकर तत्परता से किसानों की फसल के लिए सिंचन जल उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग करें। शासन की मंशा है कि प्रत्येक दशा में किसानों की आय वृद्धि में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग किया जाए। शासन द्वारा संचालित योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित किया जाए।

समीक्षा में भूमि संरक्षण अधिकारी डा0 राजमंगल चौधरी ने बताया कि जनपद के किसान एग्रीदर्शन पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्राथमिकता के आधार पर कृषि यंत्रों, बीजों आदि पर निर्धारित अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। रूपये 10 लाख तक की कृषि यंत्र की खरीद पर विभाग द्वारा लगभग चार लाख रूपये अनुदान कृषक को देय है।




वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक भानु प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में एकीकृत बागवानी के लिए केला 5 हे0, पपीता 4 हे0, आम 1 हे0, ड्रेगन फ्रूट 1 हे0 का लक्ष्य वित्तीय वर्ष में प्राप्त हुआ है। कृषक बन्धु डीबीटी.यूपी.हार्टिकल्चर डॉट इन पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर लक्ष्य रहने तक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वृहद पौधरोपण के तहत विभाग द्वारा अब तक कुल 1 लाख 85 हजार पौध वितिरित किया गया है जबकि सामाजिक वानिकी प्रभाग के वन दरोगा हरिश्चन्द्र उपाध्याय के अनुसार वन विभाग द्वारा जनपद में लगभग 14 लाख से अधिक पौधरोपण कराया गया है।

नलकूप विभाग के अवर अभियन्ता प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद में 13 नये नलकूपों की स्थापना की गयी है जिनका ऊर्जीकरण किया जाना है। वर्तमान में दो नये नलकूपों का ऊर्जीकरण किया जा चुका है। जिले में स्थापित 652 नलकूपों में से वर्तमान में 4 नलकूप यांत्रिक दोष से तथा 6 नलकूप विद्युत दोष से बाधित हैं, जिनके संचालन की कार्यवाही की जा रही है।

लघु सिंचाई के जेई ने बताया कि जनपद में 5850 नि:शुल्क बोरिंग का लक्ष्य प्राप्त है जिसके तहत अब तक कुल 2136 नि:शुल्क बोरिंग की गयी है। जिसमें सामान्य वर्ग की 1219, एससी वर्ग की 917 नि:शुल्क बोरिंग की गयी है।

बैठक में जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चंद सोनकर, महादेवा फूलचन्द्र श्रीवास्तव, सदर मु0 सलीम, अधिशासी अभियंता विद्युत रामनरेश, सुधांशु श्रीवास्तव, सुनील कुमार, जगवीर सिंह, राजनारायण तिवारी, अम्बिकेश प्रताप सिंह, विजय कुमार आर्या, शिवगोपाल, विशाल वर्मा, दुर्गेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शुगर मिल में गैस रिसाव से तीन की मौत



**बिजनौर (आभा)।** नांगल सोती थानाक्षेत्र स्थित उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में शुक्रवार दोपहर ईटीपी टैंक की सफाई के दौरान हादसा हो गया। वाल्व खोलने के दौरान जहरीली गैस का रिसाव होने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर बेहोश हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, उसकी हालत भी नाजुक बताई जा रही है। हादसे की सूचना से प्रशासन में हड़कंप मच गया। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा किया।

पुलिस के अनुसार उत्तम शुगर मिल में मशीनों की सफाई का कार्य चल रहा है। शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे मजदूर कपिल देव (38 वर्ष) निवासी गांव तिसोतरा थाना नांगल, मुनेश्वर (45 वर्ष) निवासी कबूलपुर थाना मंडावर और सोमपाल (35 वर्ष) निवासी लालपुर सोजीमल थाना नांगल ड्यूटी पर पहुंचे थे। तीनों ने सफाई कार्य शुरू किया। पहले कपिल ने टैंक का वाल्व खोला तो अचानक जहरीली गैस की चपेट में आने से वह गिर गया। यह देख मुनेश्वर उसे बचाने टैंक में उतरा तो वह भी बेहोश होकर पानी में गिर गया। यह देख सोमपाल भी कूद गया, लेकिन वह भी बाहर नहीं निकल सका। इसके बाद सुपरवाइजर प्रभात निवासी शहर कोतवाली बिजनौर टैंक में उतरा तो वह भी बेहोश होकर गिर गया। अन्य मजदूरों ने प्रभात को बेहोशी की हालत में किसी तरह बाहर निकाल लिया। इसके बाद तीनों मजदूरों को भी निकाला गया और सभी को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने कपिलदेव, मुनेश्वर और सोमपाल को मृत घोषित कर दिया।

## भद्रेश्वरनाथ मंदिर के पास से दुकानें हटाने को लेकर विवाद

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । भद्रेश्वरनाथ मंदिर के पास मुस्लिम समुदाय की दुकानों को जबरन हटवाने पहुंचे हिंदू संगठनों के लोगों और मंदिर समिति के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। हिंदू संगठनों ने मंदिर परिसर में लगी दुकानों को धार्मिक भावना आहत होने का हवाला देकर हटाने की मांग की, वहीं मंदिर समिति और ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए दुकानदारों के साथ बदसलूकी का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने कहा कि ये दुकानें कई दशकों से लगती हैं और इन्हीं से कई परिवारों की रोज़ी–रोटी चलती है। ऐसे में बिना किसी पूर्व सूचना या वैध प्रक्रिया के इन्हें हटवाने का प्रयास करना अनुचित है। मंदिर समिति के सदस्यों ने भी स्पष्ट किया कि दुकानों को लेकर कोई विवाद नहीं है और सभी को नाम प्लेट के साथ निर्धारित स्थानों पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाएगी।



विवाद बढ़ता देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर शांत कराया। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि मामला अधिक न बढ़े, इसके लिए सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। मंदिर समिति ने बाद में बयान जारी करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा बेवजह माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है, जबकि दुकानदारों के खिलाफ संस्था का कोई निर्णय नहीं है।

## शिक्षकों पर दर्ज मुकदमा वापस करने की मांग: डीएम, एसपी को सौंपा ज्ञापन



### –छात्र की मौत के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल और बनकटी ब्लाक अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सौंपा। मांग किया कि बनकटी विकास खण्ड के संविलियन विद्यालय बोदवल के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों के विरूद्ध दर्ज कराये गये मुकदमें को वापस लिया जाय।

डीएम को ज्ञापन देने के बाद संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि गत 14 जुलाई को बोदवल विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र अमित कुमार प्रजापति की मौत हो गई। इस मामले में शिक्षक और विद्यालय परिवार के लोग पूरी तरह से निर्दोष है। मांग किया कि अमित कुमार के परिजनों को 50 लाख रूपये का मुआवजा दिलाया जाय। बताया कि अमित कुमार प्रजापति की मां माया देवी स्वयं बोदवल विद्यालय में रसोइयां है और उस समय मौजूद भी थी। डीएम और एसपी ने शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल को निष्पक्ष जांच और सहयोग का आश्वासन दिया है। यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से मारूफ खान, मंजेश राजभर, नवीन चौधरी, रवि प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा आदि शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने सड़क पर किया धान की रोपाई: जर्जर सड़क के निर्माण की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को बस्ती सदर विकास खण्ड के चमरौहा सियरापार के नागरिकों ने जर्जर हो चुकी सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण लालमुनि चौधरी, सर्वेश चौधरी ने कहा कि हर्दिया, वाल्टरगंज जोडने वाली सड़क जो कई गांवों को जोड़ती है उस सम्पर्क मार्ग की स्थिति दयनीय है। यहां आये दिन राहगीर गिरते रहते हैं। जन प्रतिनिधियों से कई बार कहा गया कि सड़क की मरम्मत हो जाय किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सम्बंधित अधिकारियों से माग किया कि सड़क का तत्काल मरम्मत कराया जाय। ग्राम प्रधान भी चुप हैं। छात्रों को स्कूल आने जाने में असुविधा हो रही है। कई ग्रामीण सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं।




सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शकुन्तला देवी, छंगुरा देवी, शान्ती देवी, गुन्जन, श्याम लाल, शुभम चौधरी, सूर्यनाथ चौधरी, दिलीप चौधरी, हृदयराम चौधरी, रामभवन, रामनरायन चौधरी, रोशन, ऋषभ, आलोक पटेल, अजीत, बंशीलाल, विवेक, अशोक चौधरी, सोनू चौधरी, वीरेन्द्र, अजय आदि शामिल रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में मुण्डेरवा नगर पंचायत ने मारी बाजी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का परिणाम 17 जुलाई की देर शाम घोषित किया गया। नगर पंचायत मण्डेरवा नवसृजित निकाय है। इसका गठन 04 वर्ष पूर्व हुआ है। वर्ष 2024 के स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पंचायत मुण्डेरवा द्वारा प्रथम बार प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जनपद स्तर पर पहला स्थान, प्रदेश में 161 एवं राष्ट्रीय स्तर पर 340 वां स्थान प्राप्त किया और निकाय को ओ०डी०एफ०. श्रेणी का सर्टीफिकेट मिला।

इस शानदार उपलब्धि के लिए अध्यक्ष नगर पंचायत मुण्डेरवा सुनील सिंह (टिंकू) ने नगर पंचायत मुण्डेरवा के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ–साथ मुण्डेरवा की समस्त जनता को हार्दिक बधाई दिया और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में सभी के सहयोग से इससे बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही है।






नगर पंचायत मुण्डेरवा की अधिशासी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत मण्डेरवा को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर समस्त नगरवासियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता सफाई मित्रों को बधाई दिया। उन्होने कहा की मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हुआ किया नगर पंचायत मुण्डेरवा ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपने प्रथम प्रयास में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
**भारतीय बस्ती**
बस्ती 19 जुलाई 2025 शनिवार

## सम्पादकीय

# संसद का मानसून सत्र और मुद्दे

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है और उससे ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की एक महत्वपूर्ण बैठक 19 जुलाई की शाम सात बजे ऑनलाइन होने जा रही है। यह बैठक इसलिए खास है क्योंकि विपक्ष इस बार संसद के भीतर मोदी सरकार को घेरने के लिए पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस बैठक का आयोजन किया है और इसके लिए कई विपक्षी दलों के बड़े नेताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जोड़ा जा रहा है ताकि संसद में साझा रणनीति बनाई जा सके। इस बैठक में डीएमके, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), राजद, झामुमो, आईयूएमएल और वाम दल जैसे गठबंधन के अहम दल तो शामिल हो रहे हैं लेकिन आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस की दूरी ने इस एकता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने हाल ही में साफ कहा कि अब उनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। उनका कहना है कि यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही सीमित था और अब पार्टी संसद के भीतर अपने मुद्दे खुद उठाएगी। दरअसल आप दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ती रही है। लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान ने दोनों दलों के बीच अविश्वास बढ़ाया। अब दिल्ली की सियासत में केंद्र सरकार से टकराव और सीबीआई–ईडी जैसी एजेंसियों की कार्रवाई के बीच आप को लगता है कि उसे अपनी स्वतंत्र सियासी पहचान बनाए रखना जरूरी है। यही वजह है कि पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से आधिकारिक तौर पर दूरी बना ली है। आप की गैरमौजूदगी विपक्षी खेमे के लिए बड़ा झटका है क्योंकि दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में वह मजबूत स्थिति में है और संसद के भीतर उसकी आवाज अक्सर मुखर रही है।

वहीं तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में न आने के लिए कोलकाता के 21 जुलाई के वार्षिक जलसे का बहाना दिया है। यह जलसा 1993 में वाम मोर्चा सरकार के वक्त पुलिस फायरिंग में मारे गए टीएमसी कार्यकर्ताओं की याद में होता है। लेकिन अंदरखाने खबर ये भी है कि टीएमसी का असली मकसद पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपनी अलग पहचान को बचाए रखना है। ममता बनर्जी अच्छी तरह जानती हैं कि बंगाल में कांग्रेस और वाम दल उनके प्रतिद्वंदी हैं। ऐसे में बार–बार मंच साझा करने से उनके कार्यकर्ताओं में भ्रम पैदा होगा। ममता बनर्जी की राजनीति हमेशा से ये रही है कि वो राष्ट्रीय स्तर पर मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी खेमे के साथ खड़ी दिखें लेकिन बंगाल में अपनी लड़ाई कांग्रेस और लेफ्ट से अलग ही रखें। यही वजह है कि उनकी पार्टी कई बार विपक्षी मंच से दूरी भी बना लेती है। कहा जा रहा है कि अंतिम वक्त पर ममता बनर्जी या उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी डिजिटल बैठक में शामिल हो सकते हैं लेकिन यह अब तक पूरी तरह पक्का नहीं है।

उधर कांग्रेस की पूरी कोशिश है कि विपक्ष के ज्यादातर दल एक सुर में संसद में सरकार को घेरने के लिए तैयार रहें। राहुल गांधी ने खुद कई विपक्षी नेताओं से फोन पर बात की है और केसी वेणुगोपाल ने भी राज्यों के नेताओं को भरोसे में लेने की कोशिश की है ताकि मीटिंग में कोई बड़ा दल न छूटे। पहले यह बैठक दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर होनी थी लेकिन कई नेताओं ने कम समय में दिल्ली आने में असमर्थता जताई तो इसका फॉर्मेट बदलकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दिया गया। इससे ज्यादा से ज्यादा नेताओं को जोड़ने में आसानी होगी।

शिवसेना–यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे ने भी संकेत दिया है कि अगर जरूरत पड़ी तो वो दिल्ली आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि केसी वेणुगोपाल का फोन आया था और उद्धव ठाकरे इसमें पूरी रुचि ले रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही जुड़ेंगे। राजद के तेजस्वी यादव भी शामिल होंगे और झारखंड से झामुमो के नेता भी बैठक में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। आईयूएमएल और वामपंथी दल भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

मौजूदा सियासी हालात में इंडिया ब्लॉक के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि संसद के भीतर एकजुट रहकर सरकार को कैसे घेरा जाए। राहुल गांधी और कांग्रेस की योजना है कि ऑपरेशन सिंदूर से लेकर बिहार में मतदाता सूची में हेरफेर जैसे मुद्दों को लेकर संसद में सरकार से तीखे सवाल पूछे जाएं। इसके अलावा विपक्षी खेमे को उम्मीद है कि संसद के बाहर भी इन मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरा जा सकता है ताकि आम जनता के बीच सरकार की जवाबदेही को लेकर दबाव बढ़ाया जा सके।

आप की गैरमौजूदगी और टीएमसी की झिझक यह दिखा रही है कि इंडिया ब्लॉक की एकजुटता पूरी तरह भरोसेमंद नहीं है। अगर संसद में सरकार ने इन दरारों को और बड़ा कर दिया तो विपक्ष का साझा हमला कमजोर पड़ सकता है। फिर भी कांग्रेस को भरोसा है कि जितनी भी दल शामिल होंगे, वो संसद में एक सुर में सरकार से जवाब मांगेंगे। विपक्ष की पूरी रणनीति यही है कि संसद के भीतर हंगामा कर सरकार को जवाब देने पर मजबूर किया जाए।

बीते लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया था लेकिन उसके बाद हरियाणा जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार और कुछ सहयोगी दलों की नाराजगी ने गठबंधन को झटका दिया है। शरद पवार की एनसीपी भी कई बार कांग्रेस की लाइन से अलग खड़ी नजर आई है। ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग का शरद पवार ने विरोध किया था। बाद में भले ही समाजवादी पार्टी और टीएमसी ने विशेष सत्र की मांग वाले पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए लेकिन शरद पवार और आप इससे दूर रहे। इससे भी विपक्ष की साझा रणनीति पर सवाल उठते हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि शनिवार की बैठक से क्या संदेश निकलता है और क्या ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी आखिरी वक्त पर शामिल होते हैं या नहीं। अगर टीएमसी भी पूरी तरह से दूरी बना लेती है तो संसद में विपक्ष की एकजुटता का दावा कमजोर हो जाएगा। वहीं बीजेपी इस दरार को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। फिलहाल कांग्रेस को भरोसा है कि संसद के अंदर राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्ष एकजुट होकर सरकार को घेरने में कामयाब होगा लेकिन यह कितना कारगर होगा, इसका फैसला संसद के हंगामेदार मानसून सत्र में ही होगा।

# पाठकों का भरोसा "भारतीय बस्ती" की शक्ति

**दैनिक भारतीय बस्ती के संस्थापक श्री दिनेश चन्द्र पाण्डेय का गत 18 फरवरी 2025 को निधन हो गया। स्मृति शेष श्री दिनेश चन्द्र पाण्डेय मेरे पूज्य पिता ही नहीं पत्रकारिता के प्रथम गुरू भी थे। उन्होंने 2024 के स्थापना दिवस के लिये जो लेख लिखा था उसे पुनः प्रकाशित किया जा रहा है जिससे स्मृतियां जीवन्त हो। उनके विचार, संस्कार, सरोकार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।**



—दिनेश चन्द्र पाण्डेय—




—फाइल फोटो—

भारतीय बस्ती की प्रकाशन यात्रा पाठकों के विश्वास से अनवरत जारी है। ''इस पथ का उद्देश्य नही है, श्रांत भवन में टिक रहना किन्तु पहुंचना उस सीमा तक जिसके आगे राह नहीं''

बाबू जय शंकर प्रसाद की इन्हीं पंक्तियों को आदर्श मान कर 'भारतीय बस्ती' दैनिक का प्रकाशन 44 साल पहले आरम्भ किया गया था। जो आज 'बस्ती' और राम जी की नगरी 'अयोध्या' से प्रकाशित हो रहा है। बस्ती जैसे पिछड़े कहे जाने वाले बस्ती के लोगो ने 'भारतीय बस्ती' के प्रति सदा बड़ा दिल दिखाया। आम जनमानस ने इतना विश्वास दिया कि कठिनाइयां कभी हरा नहीं सकीं। यही हाल अयोध्या के लोगो का रहा। बिना पूंजी के आम जनमानस के भरोसे 'भारतीय बस्ती' अपने प्रकाशन के 45 वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा हैं। हमारे साथियों ने इसे अखबार नहीं अपने मानस का द्वार समझा और लगे रहे इस लम्बी यात्रा को जीवंत बनाये रखने में। वेडेल फिलिप्स के इस विचार को सदा आत्मशात किया और उनका यह ध्येय वाक्य ''भारतीय बस्ती'' के सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित कर उसे पूरा करने का संकल्प लेते है। ''हम समाचार पत्र प्रकाशित करते हैं तो इस बात की परवाह नही करते कि कौन धर्म का नियामक है और कानून का निर्माता।''

''भय काहू को देत ना,ना भय मानत आन''। ना डरे ना डराया। चलते रहे आम आदमी के विश्वास के सहारे अपने लक्ष्य की ओर। हमे पता है कि पत्रकारिता अनन्त प्रक्रिया का हिस्सा है। हम नित्य अपनी मंजिल की ओर आगे बढने का प्रयास करते रहते है। ''मंजिल मिले,मिले, ना मिले इसका गम नहीं मंजिल की जुस्तजू में मेरा कारवां तो है।''

जन कवि बाल सोम गौतम की ये पंक्तियां मंत्र की तरह जपते रहते हैं। " सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख पर पक्का लिख,मत लिख इनके उनके जैसा केवल अपने जैसा लिख।''

'भारतीय बस्ती' ने अपना रास्ता स्वयं बनाया और चलते जा रहे हैं उसी रास्ते पर। बस्ती के पहले दैनिक 'ग्रामदूत' के सम्पादक बाबू गिरिजेश बहादुर सिंह राठौर ने धर्मशाला के कमरे से एक ताव कागज और एक पेंसिल की पूंजी लेकर ग्रामदूत दैनिक का प्रकाशन किया। इस संकल्प ने हमारे लिये मार्गदर्शन का काम किया और बल देकर चेताया कि पूंजी के बिना भी दैनिक अखबार का प्रकाशन किया जा सकता है। अपने पथ पर चलते गये और जन विश्वास की पूंजी के सहारे बढ़ते जा रहे है आगे ही आगे। आज जब देश का कोई हिन्दी दैनिक सौ साल की यात्रा भी पूरी नही कर पाया। वाराणसी के 'आज' ने जोड़ बटोर कर सौ साल पूरा किया तब बस्ती जैसे पिछडे कहे जाने वाले स्थान से दैनिक के प्रकाशन की आधी सदी की विश्वसनीय यात्रा को हम नही आम आदमी आंक रहा है। इसे ही हम रोज प्रति का अपना मंजिल समझ कर पत्रकारिता को शिरोधार्य किये हुए हैं और आगे चलते ही रहेंगे। वैसे अखबार का जिसने एक अंक भी प्रकाशित किया वह हमारे लिये प्रेरणा का स्रोत हैं।

प्रदीप और उनके साथियों के क्रियाशील नेतृत्व में 'भारतीय बस्ती' प्रकाशन समूह के अखबार,वेबसाइट, "आवाज भारती" नेटवर्क का नया स्वरुप जन विश्वास के भरोसे अग्रसर है। आप का प्यार, दुलार और विश्वास ही हमारा सम्बल है। अब दूसरी तीसरी पीढ़ी और उनके साथियों ने जन विश्वास के भरोसे आगे कदम बढ़ाया है। कहना ही पड़ता है।

''क्या दिया नहीं जन विश्वास ने हमें,क्या लिखा नहीं मेरे नाम से,हम फिदा हैं तेरे दुलार पर,कि जग लिख दिया हमरे नाम पर।'' और अब पैंतालिसवें वर्ष के लिये यही कहना है—

"ऐ जनम साथियों, ऐ करम साथियों। लो संभालो तू अपने ये साजो गजल। मेरे नगमों को अब नीद आने लगी"। फिर भी अंतिम सांस तक "भारतीय बस्ती" के लिये ही जीना है। हार नहीं मानूंगा। काल के कपाल पर लिखूंगा, मिटाऊंगा,आप को सुनाऊंगा, आप को दिखाऊंगा, ''भारतीय बस्ती'' पढ़ाऊंगा। —मुख्य सम्पादक

# ट्रंप की तेल कूटनीति में नाटो का दुरुपयोग



—पुष्परंजन—




**भारत और चीन, रूसी कच्चे तेल के शीर्ष आयातक हैं। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद, जब पश्चिमी देशों ने रूसी कच्चे तेल से दूरी बना ली, तो रूस ने इच्छुक खरीदारों को अपने तेल पर छूट देना शुरू कर दिया।**

वर्ष 1949 में वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर के साथ गठित, 'नाटो' उत्तरी अमेरिका और यूरोप के 32 देशों का एक सुरक्षा गठबंधन है। नाटो का मूल लक्ष्य, राजनीतिक और सैन्य साधनों से मित्र राष्ट्रों की स्वतंत्रता, और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नाटो के दो मुख्य अंग हैं— राजनयिक, और सैन्य। यदि राजनयिक प्रयास विफल हो जाते हैं, तो नाटो सैनिक कार्रवाई के लिए धमकाता है। नीदरलैंड्स के पूर्व प्रधानमंत्री रह चुके मार्क रुट्टे, ट्रंप के खास लोगों में माने जाते हैं।

बुधवार को वाशिंगटन में नाटो महासचिव मार्क रुट्टे ने कहा, कि रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन करना चाहिए, और उन्हें बताना चाहिए कि यूक्रेन से शांति वार्ता के बारे में गंभीर होना होगा, वरना ब्राजील, भारत, और चीन पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। रुट्टे ने कहा, 'इन तीन देशों को मेरा मशविरा है कि यदि आप पेइचिंग में रहते हैं, या दिल्ली में, या आप ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको इस पर गौर करना चाहिए, क्योंकि यह आपको बहुत प्रभावित कर सकता है।'

यह धमकाना ही तो है। इसे आप जुर्रत नहीं, तो क्या कहेंगे? खुन्नस आपको पुतिन से है, उसे निकाल रहे हैं, उन देशों पर, जो रूस से तेल व्यापार कर रहे हैं। एक अक्तूबर, 2024 से मार्क रुट्टे नाटो के महासचिव हैं। चार साल की कार्यावधि में मार्क रुट्टे ट्रंप की कठपुतली जैसा कार्य करेंगे, यह उनके बयानों से दिख रहा है। ब्रसेल्स के बाहरी इलाके में स्थित, एक विशाल परिसर में स्टील और कांच से बने नाटो मुख्यालय में सात वर्षों तक मेरा जाना रहा। रुट्टे अपने पूर्ववर्तियों की तरह व्हाइट हॉउस के आगे क्यों नतमस्तक हैं? उसकी वजह है, पैसा। मोबाइल थल सेना, वायु रक्षा, लंबी दूरी की हथियार प्रणालियों और सुरक्षा कवच 'परमाणु छतरी' के लिए नाटो, दशकों से अमेरिका पर निर्भर रहा है।

'सेंटर फॉर यूरोपियन पॉलिसी एनालिसिस' के वरिष्ठ फेलो और पूर्व शीर्ष नाटो अधिकारी, जनरल गॉर्डन बी. डेविस जूनियर (सेवानिवृत्त) कहते हैं, 'नाटो की परमाणु छतरी, और पूरा सैन्य सेटअप अमेरिकी पैसे के बिना काम कर ही नहीं सकता।' कहने के लिए नाटो 32 उत्तर अटलांटिक देशों का सुरक्षा गठबंधन है, दरअसल यह अमेरिका को सिजदा करने वाला संगठन है। दिक्कत, ट्रम्प के साथ है। इस महीने रूस ने कीव पर 10 घंटे तक लगातार हमले किए। इन हमलों के बाद, 14 जुलाई को ट्रंप बोले, 'मैं राष्ट्रपति पुतिन से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं। अब अमेरिका यूक्रेन को आत्मरक्षा के लिए ज्यादा हथियार देगा।' मतलब, ट्रंप का 'मिशन पीस' हो गया फिस्स।

इस पूरी कहानी का दूसरा पक्ष है, तेल व्यापार। भारत में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर्स की 23 रिफाइनरियां हैं। रूस में 30 बड़ी और मध्यम आकार की रिफाइनरियां हैं, जबकि अमेरिका में 131 रिफाइनरियां हैं। अमेरिका, दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। उसके बाद ही सऊदी अरब, रूस, कनाडा, चीन, इराक, यूएई, ब्राजील, ईरान और कुवैत क्रमशः आते हैं। एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (ईआईए) को आशंका है, कि अमेरिकी कच्चे तेल का उत्पादन 2026 के अंत तक उस उच्च स्तर से कम हो जाएगा, क्योंकि तेल उत्पादक प्रतिस्पर्धी कीमतों से खरीदारों को लुभाएंगे।

भारत ने रियायती कीमतों पर रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है, खासकर यूक्रेन में संघर्ष शुरू होने के बाद। भारत का कहना है, कि वह किसी भी प्रतिबंध का उल्लंघन नहीं कर रहा है, अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सस्ती ऊर्जा सुनिश्चित करना चाहता है। तेल उद्योग पर नजर रखने वाले विशेषज्ञ इसे रूस से आयात करने वाले देशों पर दबाव बनाकर पुतिन को मजबूर करने की रणनीति के रूप में देखते हैं। रूसी तेल पर कीमतों को लेकर कोई 'कैपिंग' नहीं है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों ने 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा लगा दी है, जिसके अनुसार यदि मास्को के कच्चे तेल की कीमत उस स्तर से नीचे है, तो पश्चिमी मालवाहक और बीमाकर्ता रूसी तेल व्यापार में भाग नहीं ले सकते। यह, एक किस्म की गुंडई है।

भारत और चीन, रूसी कच्चे तेल के शीर्ष आयातक हैं। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद, जब पश्चिमी देशों ने रूसी कच्चे तेल से दूरी बना ली, तो रूस ने इच्छुक खरीदारों को अपने तेल पर छूट देना शुरू कर दिया। भारतीय रिफाइनरियों ने इस अवसर का तुरंत लाभ उठाया, जिसके परिणामस्वरूप रूस, जो पहले भारत को तेल का एक छोटा आपूर्तिकर्ता था, भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बनकर उभरा, और देखते–देखते पारंपरिक पश्चिम एशियाई आपूर्तिकर्ताओं को विस्थापित कर दिया।

टैंकर आंकड़ों के अनुसार, 'जून 2025 में भारत के कुल तेल आयात में रूसी कच्चे तेल का हिस्सा 43.2 प्रतिशत था, जो अगले तीन आपूर्तिकर्ताओं— इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को मिलाकर भी अधिक था।' वैश्विक कमोडिटी मार्केट एनालिटिक्स फर्म, श्केप्लरश के वेसल ट्रैकिंग डेटा बताते हैं, 'जून 2025 में भारत ने 2.08 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक है।' इस कारोबार से भारत की अर्थव्यवस्था जितनी तेजी से बढ़ी है, उतनी ही तेजी से अमेरिका के पिट्ठू देशों को खटकने लगी है।

कुछ हफ्ते पहले, अमेरिका में एक विवादास्पद विधेयक को लेकर भारत में चिंताएं थीं, जिसमें रूस के साथ व्यापार जारी रखने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था। देखकर विचित्र लगेगा, कि धमकियों के साथ–साथ टैरिफ लगाने की घोषणाओं में भी ट्रम्प फेरबदल करते रहते हैं। हाल ही में ट्रम्प ने रूसी निर्यात के खरीदारों को बन्दर घुड़की दी थी, कि अगर 50 दिनों के भीतर रूस–यूक्रेन शांति समझौता नहीं होता, तो हम 100 प्रतिशत की दर से द्वितीयक शुल्क (विंडफॉल टैक्स) लगा देंगे। भारत में तेल व्यापार में 'द्वितीयक शुल्क' कच्चे तेल पर लगाया जाता है, जिससे सरकार को घरेलू तेल उत्पादकों को समर्थन देने, और आयातित तेलों की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। अमेरिकी खब्त देखिये, 500 प्रतिशत विंडफॉल टैरिफ से ये सीधा 100 प्रतिशत पर उतर आये। सवाल है, भारत नाटो की इन धमकियों का अकेले जवाब देगा, या फिर चीन और ब्राजील के साथ मिलकर? नाटो की धमकियों को आप इग्नोर नहीं कर सकते। लेकिन, ट्रम्प ने अपने तेल व्यापार के लिए 'नाटो' का जिस तरह से दुरुपयोग करना शुरू किया है, वह चिंता का विषय है! भारत ने नाटो प्रमुख को डबल स्टैण्डर्ड से बाज आने की चेतावनी दे डाली है।—लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# त्याग की ओट में सुख का ब्रांड?



—प्रियंका सौरभ—

बचपन में हम सुनते थे कि साध्वी वह होती है जो मोह, माया, श्रृंगार, आकर्षण और सांसारिक जिम्मेदारियों से ऊपर उठ गई हो। वह जो खुद को समर्पित कर दे कृ ध्यान, साधना और आत्मा के शुद्धिकरण के लिए। आज की दुनिया में जब हम 'साध्वी' शब्द सुनते हैं, तो कल्पना में कोई ध्यानमग्न स्त्री नहीं आती, बल्कि किसी मंच पर तेज रोशनी में प्रवचन देती, डिजाइनर केसरिया वस्त्रों में सजी–धजी, सोशल मीडिया पर हजारों अनुयायियों वाली कोई 'आधुनिक साध्वी' उभर आती है।

अब साध्वी बनने का अर्थ आत्म–त्याग से नहीं, एक नई जीवन शैली से जुड़ गया है कृ जिसमें भोग त्यागने का दावा तो है, लेकिन सुख और लोकप्रियता का उपभोग भलीभांति जारी है। त्याग के नाम पर अब एक सुरक्षित ब्रांडिंग की जाती है, जिसमें स्त्री घर–परिवार, विवाह और सामाजिक दायित्वों से अलग होकर एक आध्यात्मिक आभामंडल रचती है कृ जिसमें चमक होती है, भीड़ होती है, डोनेशन होते हैं, देश–विदेश की यात्राएं होती हैं, पर आत्मसंयम और आत्मचिंतन का गहराई से कोई वास्ता नहीं होता।

यह प्रवृत्ति कोई आध्यात्मिक जागरण नहीं, बल्कि एक रणनीतिक पलायन है कृ जहाँ स्त्रियाँ संसार से भागती नहीं, बल्कि उसे अपने तरीके से नया आकार देती हैं, अपनी सुविधाओं और अपेक्षाओं के अनुसार। वे कहती हैं कृ हमने सब त्याग दिया, पर वास्तव में उन्होंने वही त्यागा जो उन्हें परेशान करता था कृ जिम्मेदारी, अपेक्षा, उत्तरदायित्व, और रिश्तों का बोझ। लेकिन उन्होंने अपना 'मैं' नहीं त्यागा, अपनी 'महत्ता' नहीं छोड़ी।

आज की कई तथाकथित साध्वियाँ सार्वजनिक मंचों पर उपदेश देती हैं कि भोग एक भ्रम है, गृहस्थी एक बंधन है, स्त्री का असली रूप वही है जो भीतर मौन हो और बाहर समर्पण में हो। लेकिन जब वही साध्वी इंस्टाग्राम पर फिल्टर लगाकर वीडियो अपलोड करती है, जब वह अपने हर कार्यक्रम का विज्ञापन करवाती है, जब उसके आयोजनों में विशेष पास और वीआईपी दीर्घा होती है तब यह सवाल उठता है कि यह आध्यात्म है या महज एक सफल जनसंपर्क योजना?

पुराने समय में साध्वी बनना साहस का काम था। एक स्त्री जब दुनिया से अलग होती थी, तो उसे हर कदम पर समाज से टकराना पड़ता था। आज, जब कोई कहती है कृ मैं अब साध्वी हूँ कृ तो उसकी हर सामाजिक आलोचना चुप हो जाती है। क्योंकि हम यह मान बैठे हैं कि जो स्त्री केसरिया पहन ले, सिर पर घूंघट रख ले, और संस्कृतनिष्ठ भाषा में बोले कृ वह अब "देवी" है, उससे सवाल नहीं किए जा सकते।

इस प्रवृत्ति में सबसे बड़ा संकट यह है कि यह स्त्रियों को एक नया पलायन रास्ता दे रही है कृ आत्म–निर्माण के नाम पर आत्म–दंभ की गली। वे ना तो घर की जिम्मेदारी उठाना चाहती हैं, ना कार्यक्षेत्र की स्पर्धा में उतरना चाहती हैं, ना परिवार, समाज या राजनीति से टकराना चाहती हैं। उन्हें चाहिए एक ऐसा क्षेत्र जहाँ वे पूजी जाएं, पर जांची ना जाएं। साध्वी बनना उस 'पावन छवि' का माध्यम बन गया है, जो न किसी से प्रश्न करवाती है, न उत्तर देने को बाध्य करती है।

जब कोई साधारण महिला मानसिक थकावट से जूझती है, तो उसे ष्आराम करोष, ष्खुद को समय दोष जैसा कहकर चुप करा दिया जाता है। पर जब कोई कहती है ष्मैं अब साध्वी बन गई हूँष, तो उसकी थकान को आध्यात्मिक महाकाव्य बना दिया जाता है। उसे मंच मिलता है, मीडिया का समर्थन मिलता है, और अनुयायियों की भीड़ बन जाती है।

यह साध्वी अब माइक पर बोलती है कृ ष्मैंने सब त्याग दियाष, पर त्यागने के बाद जो मिला कृ वह कोई सामान्य गृहिणी कभी नहीं पा सकती। वह प्रवचन देती है, लेकिन कभी स्त्री अधिकार, सामाजिक न्याय, या आर्थिक समानता की बात नहीं करती, क्योंकि यह विषय उसके स्वनिर्मित आध्यात्मिक क्षेत्र को असुविधाजनक बना सकते हैं। वह किसी सरकार से नहीं टकराती, किसी असमानता पर नहीं बोलती, बस ध्यान, मन, आत्मा और जीवन का चक्र रचती रहती है।

इसे ही हम कह सकते हैं कृ "परिष्कृत भोग"। यह ऐसा भोग है जो सीधे भौतिक वस्तुओं में नहीं, पर ध्यान, सत्ता, मान्यता और प्रतिष्ठा के माध्यम से प्राप्त होता है। यह वासना नहीं, लेकिन 'विख्याति की भूख' जरूर है। इसमें श्रृंगार नहीं, परंतु आत्म–प्रदर्शन की आकांक्षा जरूर है। इसमें कोई व्यक्तिगत उत्तरदायित्व नहीं, पर सामूहिक नियंत्रण की छाया जरूर है।

समाज, विशेषकर पुरुष प्रधान मानसिकता, को यह भूमिका बेहद स्वीकार्य लगती है।

## सोमवार से ईडब्ल्यूएस, एलआईजी फ्लैट का शुरू होगा पंजीकरण

**संवाददाता–गोरखपुर।** पॉम पैराडाइज बहुमंजिला आवासीय परियोजना में बने ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी फ्लैटों के पंजीकरण का इंतजार अब खत्म होने वाला है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण सोमवार से पंजीकरण शुरू करेगा। नए सिरे से फ्लैटों की कास्टिंग करने पर कीमतों में 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। 120 फ्लैट के लिए पंजीकरण आनलाइन मोड पर होगा। लॉटरी ऑनलाइन या आफलाइन होगी इस पर निर्णय बाद में किया जाएगा। देवरिया बाईपास पर निजी कालोनी पॉम पैराडाइज विकसित है। नियमानुसार 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस एव एलआईजी फ्लैट बनाने थे। प्रथम चरण में 160 फ्लैट बने जिनमें 80 ईब्डल्यूएस और इतने ही एलआईजी फ्लैट बनाए गए। इनमें से 40 फ्लैट खोराबार आवासीय टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना में जमीन देने वाले काश्तकारों के लिए आरक्षित हैं इनमें 10 एलआईजी और 30 ईडब्लयूएस श्रेणी के हैं। शेष 120 के लिए आइनलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू होने की उम्मीद है। ये पंजीकरण 70 एलआईजी और 50 ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए खुलेगा। गोरखपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में पॉम पैराडाइज में बने ईडब्ल्यूएस व एलआईजी फ्लैटों के आवंटन को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। जीडीए उपाध्यक्ष आनन्द वर्द्धन की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठित है जिसमें नगर आयुक्त की ओर से नामित अधिकारी, एडीएम एफआर व विकासकर्ता शामिल हैं। अब जानिए कितनी होगी कीमत ईडब्ल्यूएस फ्लैट की कीमत पहले 4.50 लाख रुपये और एलआईजी फ्लैट की कीमत 09 लाख रुपये थी। लेकिन ऐश्प्रा समूह ने शहर की आबादी 10 लाख से अधिक होने का हवाला देते हुए नए सिरे से कास्टिंग करने की मांग की थी।

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने किया रामलला के दर्शन



**संवाददाता–अयोध्या।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि मुझे अयोध्या आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यहां पर भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन के सौभाग्य मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पूरी अयोध्या नगरी का कायाकल्प हुआ है। ये देश और दुनिया देख रही है। हमारी पुरानी संस्कृति से जुड़ा हुआ अयोध्या धाम है। यहां मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## दशरथ पथ का स्वरूप निखारेंगी 15 हस्त और 15 शस्त्र मुद्राएं



**संवाददाता–अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में दशरथ पथ के स्वरूप को निखारने में 15 हस्त और 15 शस्त्र मुद्राएं अपना योगदान देंगी। इस पथ के डिवाइडर पर छह फीट ऊंचे 30 पिलर बनाए जाएंगे। पिलर पर हस्त और शस्त्र मुद्रा की स्थापना की जाएगी। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए ये मुद्राएं आकर्षण का केंद्र होंगी। साथ ही रामनगरी की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का भी अहसास कराएंगी।

धर्मपथ के पास एनएच–27 पर स्थित साकेत पेट्रोल पंप से होते हुए बिल्वहिरघाट तटबंध के समानांतर दशरथ समाधि होते हुए पूरा बाजार में अंबेडकरनगर हाईवे से जुड़ने वाले 15.30 किमी लंबे दशरथ पथ का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी के किनारे किष्किंधा वन की सौगात देते हुए त्रिवेणी वाटिका की स्थापना की थी। इसी पथ के किनारे सोलर सिटी भी है। इतना ही नहीं इसी के पास सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने जमीन भी खरीदी है। इन सबसे अयोध्या के इस नए पथ के महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी कड़ी में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने अब इस पथ को धर्मपथ की तर्ज पर भव्य स्वरूप देने की तैयारी की है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। हस्त और शस्त्र मुद्राएं तैयार करने के लिए कलाकार का भी चयन हो गया है। इनकी ओर से इन मुद्राओं को आकार देने का काम किया जा रहा है। दशरथ पथ का निर्माण पूरा होने के साथ इन्हें स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस बारे में अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने अमर उजाला को बताया कि रामपथ, भक्तिपथ और धर्मपथ की ही तरह दशरथ पथ भी रामनगरी के प्रमुख कॉरिडोर में शामिल है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों का इस पर आवागमन होगा। इसलिए इसे भी भव्य स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 85 लाख रुपये की लागत से हस्त और शस्त्र मुद्राओं से सुसज्जित किया जाएगा। आने वाले समय में इस पथ के आसपास अन्य विकास कार्य कराए जाने की भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## नागपंचमी पर गोरखनाथ मंदिर में कुश्ती दंगल

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर परिसर में इस बार भी नागपंचमी के मौके पर भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता अब परंपरा के साथ–साथ प्रदेश स्तरीय खेल आयोजन का रूप ले चुकी है। प्रदेशभर के नामी पहलवान इसमें अपनी कुश्ती का दमखम दिखाएंगे। खास बात यह है कि मुकाबले के विजेताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने करकमलों से पुरस्कृत करेंगे। आयोजक मंडल के अध्यक्ष और जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी पर कुश्ती दंगल की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। पहले मिट्टी के अखाड़े में मुकाबले होते थे, लेकिन अब समय के साथ आधुनिक गद्दों पर कुश्ती कराई जाती है। इससे मुकाबलों की तकनीक और स्तर में भी इजाफा हुआ है। बीते तीन वर्षों से उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के सहयोग से 'उत्तर प्रदेश केशरी', 'उत्तर प्रदेश कुमार' और 'उत्तर प्रदेश वीर अभिमन्यु' के टाइटिल मुकाबले कराए जा रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में पूरे प्रदेश के पहलवानों को आमंत्रित किया जाता है। वर्ष 2024 में इन मुकाबलों में लगभग 300 पहलवानों ने हिस्सा लिया था।

आयोजन समिति ने इस बार भी विजेताओं के लिए बड़े इनाम की घोषणा की है। 'उत्तर प्रदेश केशरी' और 'उत्तर प्रदेश कुमार' के विजेता को गदा और एक–एक लाख रुपये नगद पुरस्कार मिलेगा। उपविजेता को गदा के साथ 51 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। 'उत्तर प्रदेश वीर अभिमन्यु' के विजेता को 51 हजार रुपये और उपविजेता को 21 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## रूट डायर्जन आज से, लखनऊ की ओर जाना होगा रास्ता बदल कर

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** श्रावण मास (मेला) जनपद बस्ती के दृष्टिगत जिले से बस्ती की तरफ जाने वाले भारी वाहनों के लिए 19 जुलाई प्रातः 08.00 बजे से लेकर 23 जुलाई रात्रि 20.00 तक रुट डायवर्जन किया गया है। पुलिस ने एडवायजरी जारी कर दी है गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से नन्दौर थाना बखिरा, जनपद संतकबीरनगर से थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से माधव तिराहा थाना क्षेत्र बांसी से बांसी पुलिस बूथ से बाएं मुड़कर थाना क्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बैदौला चौराहा होते हुए बेंवा थाना डुमरियागज होते हुए थाना उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जाना होगा। बस्ती से लखनऊ जाने वाले वाहन बडेघ्वन ओवरव्रिज जनपद बस्ती के उपर से डायवर्ट कर ओबरब्रिज के नीचे से मनौरी से थाना क्षेत्र सोनहा जनपद बस्ती से होते हुए बेंवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज से भड़रिया थानाक्षेत्र भवानीगंज होते हुए थाना क्षेत्र उतरौला जनपद बलरामपुर मार्ग से जाएंगे।

लखनऊ से गोरखपुर को जाने वाले वाहन को बाराबंकी से ही रोककर थाना जरवल रोड जनपद बहराईच के सामने से होते हुए थानाक्षेत्र कर्नलगंज जनपद गोण्डा होते हुए थानाक्षेत्र उत्तरौला से भड़रिया थानाक्षेत्र भवानीगंज से वेंवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज होते हुए थानाक्षेत्र पथरा बाजार होते हुए बांसी पुलिस बूथ थानाक्षेत्र बांसी से होकर माधव तिराहा थानाक्षेत्र बांसी से थानाक्षेत्र खेसरहा की तरफ मुड़कर थाना क्षेत्र बखिरा जनपद संतकबीरनगर होते हुए अपने गन्तव्य पर जाएंगे। बढ़नी, शोहरतगढ़ से अयोध्या, लखनऊ को जाने वाले ऐसे वाहन जिनको अयोध्या, लखनऊ की तरफ जाना है वे वाहन थाना ढेबरुआ होते हुए थानाक्षेत्र इटवा होते हुए बेंवा थानाक्षेत्र डुमरियागंज से थानाक्षेत्र उतरौला जनपद बलरामपुर होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे। सिद्धार्थनगर से बस्ती, आंबेडकरनगर, प्रयागराज को जाने वाले वाहन माधव तिराहा, थानाक्षेत्र बांसी से थानाक्षेत्र खेसरहा की तरफ मुड़कर थानाक्षेत्र बखिरा जनपद संतकबीर नगर होते हुए अपने गन्तब्य को जाएंगे।

## धर्म परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी धर्म प्रकाश गौतम पुत्र– छोटेलाल ग्राम– सिसौनी पोस्ट– दुबौलिया बाजार, जनपद बस्ती हाल मुकाम ग्राम व पोस्ट– मिश्रौलिया, थाना– कोतवाली जनपद बस्ती (उ.प्र.) का निवासी है। मैंने दिनांक 09–06–2023 को हिन्दू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया है।

## मेगा कैंप में 50 में से 14 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** विद्युत सेवा महाभियान के अंतर्गत गुरुवार को मेंहदावल के अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर की शुरूआत हुई। पहले दिन 50 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें 14 उपभोक्ताओं के समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अधिशासी अभियंता पीके गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 50 उपभोक्ताओं की शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान 14 समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित उपखंड अधिकारियों को सौंप दिया गया। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

एक्सईएन पीके गुप्ता ने कहा कि 17 से 19 जुलाई तक इस शिविर का आयोजन खंड स्तर पर किया जा रहा है। उपभोक्ता शिविर में नए संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिजली चोरी राजस्व निर्धारण, बिल जमा करने का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की। ।अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान करा लें। शिविर में एसडीओ हरीश मिश्र, पंकज कुमार, केएल यादव, अवर अभियंता गणेश मिश्र, मनोज श्रीवास्तव, चंद्रशेखर यादव सहित कार्यालय सहायक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लेखपालों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी




**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील में कार्यरत तीन लेखपालों के निलंबन समेत अन्य समस्याओं को लेकर आंदोलनरत लेखपालों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। लेखपाल संघ के डुमरियागंज तहसील इकाई के अध्यक्ष प्रवेश शुक्ल और मंत्री देवेंद्र कुमार राठौर के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में बार एसोसिएशन व आदर्श बार एसोसिएशन से भी सहयोग के लिए पत्र देकर समर्थन मांगा गया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले संबोधित करते हुए संघ के तहसील अध्यक्ष प्रवेश शुक्ला व मंत्री देवेन्द्र कुमार राठौर ने कहा कि लेखपालों को स्थानांतरण की जानकारी नहीं दी गई, मौखिक रूप से जब जानकारी हुई तो सभी ने एक दूसरे को अपना कर हस्तांतरण कर दिया फिर भी डुमरियागंज के तीन लेखपालों को निलंबित कर दिया गया। जिसके लिए लेखपालों में काफी नाराजगी है।

निलंबन वापसी तक संघ का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को समाधान दिवस का बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनपद स्तर पर विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान राष्ट्रदीप, दिग्विजय चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इखलाक अहमद (EKHLAQ AHMAD) पुत्र श्री मोईद अहमद ग्राम– कुर्थिया पोस्ट– ओडवारा तहसील व जिला–बस्ती (उ०प्र०) का निवासी और भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त कर्मचारी हूँ। मेरी पुत्री का नाम जोबिया अहमद खान (ZOBIYA AHMAD KHAN) पुत्री की माता का नाम हफीजा खातून (HAFIZA KHATOON) है, जन्म तिथि 07–07–2009 है। मेरे सेवा अभिलेख में पुत्री का नाम जोबिया (ZOBIYA) अंकित है, जिसे अब जोबिया अहमद खान (ZOBIYA AHMAD KHAN) समझा जाय।

## खरीफ गोष्ठी और मक्का विकास कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** लोहिया कला भवन में खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, मक्का विकास कार्यक्रम और तिलहन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह मौजूद रहे। सांसद जगदम्बिका पाल ने किसानों को धान के साथ मक्का, बाजरा, तिल और उड़द जैसी फसलें उगाने की सलाह दी। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर अनुदान और प्राकृतिक आपदा में क्षतिपूर्ति योजनाओं का लाभ लेने को कहा। विधायक श्यामधनी राही ने काला नमक चावल की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस चावल ने जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति ने कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर खेती करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि खाद–बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने किसानों को उन्नत बीज और तकनीकी जानकारी के बारे में बताया। उन्होंने नवंबर में होने वाले क्रेता–विक्रेता सम्मेलन की जानकारी दी। इस सम्मेलन में उत्पादों की ब्रांडिंग और निर्यात पर चर्चा होगी। उन्होंने जल संचयन और आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही।

## सऊदी से पति ने फोन पर दिया तीन तलाक

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** तीन तलाक पर कानून बन चुका है, लेकिन पीड़ित महिलाओं को अब भी इंसाफ नहीं मिल पा रहा है। नौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के करीमपुर गांव की रहने वाली जुबैदा खातून इस अन्याय की ताजा मिसाल हैं। जिन्हें उनके पति निजाम अहमद ने सऊदी अरब से फोन पर "तीन तलाक" कहकर रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता पुलिस थानों और प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काट रही है। परंतु अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जुबैदा की शादी 12 मार्च 2022 को निजाम अहमद से हुई थी। शुरू में सब ठीक था, लेकिन जल्द ही दहेज की मांगें और शारीरिक–मानसिक प्रताड़ना शुरू हो गई। 2024 में जब वह मायके से ससुराल लौटी तो बेरहमी से पीटकर घर से निकाल दिया गया। पति निजाम सऊदी अरब चला गया और वहीं से बार–बार कॉल कर "तीन तलाक" बोलकर फोन काटता रहा।

## डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने विद्यालय में किया निशुल्क ड्रेस वितरण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–** संतकबीरनगर। सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डा उदय प्रताप चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बस्ती जिले के मुंडेरवा में स्थित पूर्वांचल इंटर कॉलेज में सैकड़ों छात्र–छात्राओं में निशुल्क ड्रेस का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान ड्रेस पाकर सभी छात्र–छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी छात्र–छात्राओं ने विद्यालय प्रबंध तंत्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार हर वर्ष इसी तरीके से निशुल्क ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन करता है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी छात्र–छात्राओं ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। वितरण करते हुए उन्होंने कहा की छात्र–छात्राओं के लिए शिक्षा और खेलकूद के साथ ही अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में नौनिहालों को पारंगत बनाने के लिए संस्थान लगातार प्रयासरत रहता है। इसी श्रृंखला में नए सत्र की शुरुआत होने के बाद शुक्रवार को विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बस्ती जिले में स्थित पूर्वांचल इंटर कॉलेज मुंडेरवा में पहुंचकर छात्र–छात्राओं में निशुल्क ड्रेस वितरण करते हुए छात्र–छात्राओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अथित के रूप में पहुंचे विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने छात्र–छात्राओं में ड्रेस वितरित किया। ।विद्यालय परिवार द्वारा निशुल्क ड्रेस पाकर जहां छात्र–छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे वहीं छात्र–छात्राओं ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्वांचल इंटर कॉलेज मुंडेरवा के प्रधानाचार्य दीनानाथ उपाध्याय ने कहा कि विद्यालय की शुरुआत के बाद से ही लगातार हर वर्ष हजारों छात्र–छात्राओं में निशुल्क ड्रेस वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

इसी कड़ी में विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने विद्यालय में पहुंचकर सभी छात्र–छात्राओं में ड्रेस वितरण कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाया है। इसके लिए प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी का समूचा विद्यालय परिवार आभार व्यक्त करता है।

ड्रेस वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि छात्र–छात्राओं को बेहतर शिक्षा, बेहतर संस्कार के साथ ही एक समान परिधान उपलब्ध कराने के लिए संस्थान पूरी तरह संकल्पित है। सभी क्षेत्रों में नौनिहालों को आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय परिवार हमेशा तत्पर है।

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0–
धारा 24 उ0प्र0रा0सं0 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी रूधौली जिला–बस्ती

रामरक्षा आदि
बनाम
राजेन्द्र आदि

1. हनुमान प्रसाद पुत्र कन्हैया प्रसाद साकिन निपनिया खुर्द पोस्ट रूद्रनगर जिला–बस्ती 2. पारसनाथ पाण्डेय पुत्र कन्हैया प्रसाद साकिन निपनिया खुर्द पोस्ट रूद्रनगर जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 24–07–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 07 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैस़ला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 18 माह 07 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0–
धारा 116उ0प्र0रा0सं0 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी रूधौली जिला–बस्ती

हरीराम आदि
बनाम
दुर्गावती आदि

1. दुर्गावती पत्नी नन्द कुमार ग्राम व पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 2. श्रीमती दुखना पत्नी सूर्यलाल ग्राम पिकौरा पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 3. पूर्णमासी पुत्र बंशराज ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 4. अनूप कुमार पुत्र राजाराम ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 5. सतिराम पुत्र राजाराम ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 6. पतिराम पुत्र राजाराम ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 7. राहुल पुत्र राजाराम ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 8. राजकुमारी पत्नी राजाराम ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 9. मनोज कुमार पुत्र हंसू ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 10 मुनिरका प्रसाद पुत्र नन्दलाल ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 11. शोहबत्ता पत्नी नन्दलाल ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 12. झिनकू पुत्र रामदुलारे ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 13. रामउजागिर पुत्र रामदुलारे ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 14. सन्तराम पुत्र रामदुलारे ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 15. रामसवारे पुत्र रामदुलारे ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 16. नोहरी पत्नी रामसुरेश ग्राम तुरकौलिया उर्फ करमा तहसील भानपुर जिला–बस्ती 17. रामनेवास पुत्र विरजू ग्राम मसिना तहसील भानपुर जिला–बस्ती 18. हीरा पुत्र टीमल ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 19. शिव प्रसाद पुत्र कोमल ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 20. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र कोमल ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 21. सीताराम पुत्र गनपत ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 22. रामअचल पुत्र गनपत ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती 23. उ0प्र0 सरकार द्वारा जरिये जिलाधिकारी महोदय बस्ती जिला–बस्ती 24. ग्राम सभा अध्यक्ष जरिये ग्राम प्रधान ग्राम धन्सी पोस्ट अठदमा जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 21–07–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 07 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैस़ला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 18 माह 07 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0–
धारा 116उ0प्र0रा0सं0 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी रूधौली जिला–बस्ती

अम्बिका प्रसाद
बनाम
परशुराम आदि

1.सरकार उ0प्र0 जरिये जिलाधिकारी महोद बस्ती जिला–बस्ती 2. ग्रामसभा अध्यक्ष जरिये ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत डड़वा भइया तहसील रूधौली जिला–बस्ती 3. नीलम कुमारी पत्नी वीरेन्द्र कुमार ग्राम कदमहवा तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर 4. सन्तराम पुत्र झिनकान ग्राम डड़वा भइया पोस्ट भितेहरा तहसील रूधौली जिला–बस्ती 5. श्रीमती सावित्री पत्नी विजय चौधरी ग्राम डड़वा भइया पोस्ट भितेहरा तहसील रूधौली जिला–बस्ती 6. परशुराम पुत्र अयोध्या ग्राम डड़वा भइया पोस्ट भितेहरा तहसील रूधौली जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 24–07–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 07 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैस़ला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 18 माह 07 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला बस्ती
मूलवाद सं0–212/2015

त्रिलोकी
बनाम
ज्ञानदास आदि

2/1 मनोज कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र रामसुमेर 2/2 विनोद कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र रामसुमेर 2/3 श्रीमती शोहवता देवी उम्र 65 वर्ष पत्नी रामसुमेर साकिनान मौजा भोयर तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील सदर बस्ती जिला–बस्ती 1/6 अंकित उम्र 30 वर्ष पुत्र रामकुबेर 2/6 लकी उम्र 27 वर्ष पुत्र रामकुबेर 3/6 श्रीमती सरिता देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी रामकुबेर साकिनान मौजा भोयर तप्पा कलवारी परगना नगर पूरव तहसील सदर बस्ती जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 15–09–2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 15 माह 09 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**
**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–** इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**